E Mail I.D.:- cfgarhwalp@gmail.com ,cfgarh-forest-uk@nic.in, Phone & Fax :- 01368-222566

कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी।

पत्रांकः– 1460 / 12-1 **, दिनांक, पौड़ी, दिसम्बर,** 14 **2021.**

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

विषयः– **मा0 मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र थराली के विकासखण्ड थराली के विकासखण्ड घाट में बंगाली (बांजबगड़) से विकासखण्ड थराली के रूईसाण तक मोटर मार्ग के नव निर्माण का वन भूमि हस्तान्तरण।**

सन्दर्भः– **आपकी पत्र सं0 2095/12–1 दिनॉक 03.12.2021**

महोदय,

विषयांकित मोटर मार्ग का प्रस्ताव दिनॉक 13.10.2021 को ऑनलाईन इस कार्यालय में को प्राप्त हुआ तथा जिसकी हार्ड कापी उपलब्ध कराने हेतु दिनॉक 16.10.2021 को ऑनलाईन ई0डी0एस0 आपको प्रेषित किया गया। हार्ड कापी दिनॉक 04.12.2021 व ऑनलाईन 09.12.2021 को प्राप्त हुई का ऑनलाईन एवं ऑफलाईन परीक्षण करने पर निम्न तथ्य विचारणीय पाये गये–

1. प्रस्ताव के पार्ट । के पैरा सी में के0एम0एल0 फाईल का परीक्षण करने पर पाया कि क्षेत्र MDF (Moderately Dense Forest) के अन्तर्गत दिखाई दे रहा है जिसमें प्रति है0 औसतन 70 से अधिक वृक्ष सम्भावित है जबकि प्रस्ताव का परीक्षण करने पर मात्र 48 वृक्ष प्रति है0 ही सूचित किया गया है जिसमें वृक्षों की गणना संदिग्ध प्रतीत होती है।
2. प्रस्ताव में वैकल्पिक संरेखण, तथा उससे सम्बन्धित प्रारूप 13 Performa for comparison between identified alignment नहीं दिया गया है।
3. प्रस्ताव में मलवा निस्तारण योजना की ड्रॉइंग संलग्न नहीं किया गया है।

अतः आप उपरोक्त कमियों का निराकरण कर प्रस्तावित मोटर मार्ग के के0एम0एल0 निर्देशांको के अनुसार भूमि पर प्रस्तावित संरेखण चिन्हित कराते हुये उसके भीतर पडने वाले समस्त वृक्षों की गणना कर इस कार्यालय को सूचित करें जिससे प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण कर अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

संलग्नकः– प्रस्ताव 4 प्रतियों में।

भवदीय,

(एन0एन0पाण्डेय)
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त,उत्तराखण्ड,पौड़ी।

पत्रांकः– 1460 / 12-1 **दिनांकित**

प्रतिलिपि अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग कर्णप्रयाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(एन0एन0पाण्डेय)
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त,उत्तराखण्ड,पौड़ी।

//Jaideep//